**केन्द्रीय सूचना आयोग**
Central Information Commission
द्वितीय तल, ब विंग,अगस्त क्रान्ति भवन
2nd Floor, B-Wing, August Kranti Bhawan
भिकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली–110 066
Bhikaji Cama Place, New Delhi – 110 066

**दिनांकः 12.05.2017**

**पंजीकरण संख्याः CICCOM/R/2017/00483/10**

सेवा में

**श्री आकाश मलिक**
**पुत्र–श्री सुभाष मलिक**
**ग्राम एवं पोस्ट–करौदा हाथी,**
**जिला–शामली, राज्य–उत्तर प्रदेश।**
**पिन– 251305**

**विषयः सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत सूचना।**

महोदय,

कृपया अपने दिनांक 08.04.2017 के आर.टी.आई. आवेदन का संदर्भ ग्रहण करें, जो इस रजिस्ट्री में सीआईसी के आरटीआई स्कंध से संख्या **CICCOM/R/2017/00483/10** दिनांक 21.04. 2017 में माध्यम से प्राप्त हुआ। आवेदन के बिंदु संख्या 4–6 की सूचना निम्नलिखित हैः–

बिंदु संख्या 4 — सूचना आयुक्त श्री यशोवर्द्धन आजाद की रजिस्ट्री में हिन्दी में प्राप्त द्वितीय अपीलों तथा शिकायतों का निर्णय यथासंभव हिन्दी भाषा में ही दिया जाता है। इस संदर्भ में कोई विवरण संकलित नहीं है। बहरहाल प्रस्तुत संदर्भ में आप आयोग के वेबसाईट पर उपलब्ध इस पीठ के आदेशों का अवलोकन कर सकते हैं।

बिंदु संख्या 5 और 6ः इस संबंध में कोई सूचना उपलब्ध नहीं है।

आरटीआई अधिनियम, 2005 की धारा 19(1) के अंतर्गत प्रथम अपील, यदि कोई है, प्रस्तुत पत्र की प्राप्ति से 30 दिनों के अंदर श्री आर0 के0 सिंह, अपर सचिव–सह–प्रथम अपीलीय अधिकारी, कक्ष संख्या–296, द्वितीय तल, बी–विंग, अगस्त क्रांति भवन, भिकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली–110066 के समक्ष की जा सकती है।

भवदीय

**(आर0 पी0 ग्रोवर)**
सीपीआईओ–सह–पदनामित अधिकारी, सू.आ. (वाई.ए.)

प्रतिलिपि सूचनार्थः श्री अशोक कुमार शर्मा, आरटीआई स्कंध, सीआईसी